Dr. Jungle's
पेट सफा
Laxative Green Tea
fssai
FSSAI NO. : 10924999000065
Sirf Ek कप चाय, कब्ज़ को Tata Bye-Bye
पेट सफा... तो हर रोग दफा
Good for Digestion | Helps Relieve Constipation
CLASSIC MASALA | CHAMOMILE FLOWER | TULSI GINGER
अगर आपका पेट भी सुबह पूरी तरह से साफ नहीं होता तो इससे छुटकारा अब बिल्कुल आसान है, रात को सोते समय 'पेट सफा' Laxative Green Tea का सिर्फ एक कप पीना है, और सुबह आपका पेट होगा, एक झटके में बिल्कुल साफ और Fresh.
Contact For Dealership 85588 07777 • dealership@divisa.in
Buy Now : amazon | Flipkart | blinkit | 1mg | bigbasket | snapdeal | JioMart

न्यूज डायरी

नालागढ़ अस्पताल में 20 लोगों ने किया रक्तदान

दीदी मां साध्वी ऋतंभरा रक्तदान शिविर का शुभारंभ करतीं हुईं। संवाद

नालागढ़(सोलन)। नालागढ़ में अस्पताल में हितेश शर्मा मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 20 लोगों ने रक्त दान किया। शिविर का शुभारंभ दीदी मां साध्वी ऋतंभरा ने किया। उन्होंने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह मनुष्य नया जीवन देता है। एक स्वस्थ व्यक्ति को समाज के लोगों की भलाई के लिए रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आयोजकों का आभार जताया। शिविर में पुनीत शर्मा, अशोक कुमार, अभिषेक शर्मा, मनीष कुमार, रणजिंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, आकाश दीप, भूपेश कुमार, सुषमा देवी, मुकेश कुमार, पुष्पेंद्र सैणी, राहुल कुमार, दिनेश सैणी, मनीष सैणी समेत 20 लोगों ने रक्तदान किया। संवाद

विराज मिस्टर, गुंजन बनी मिस फेयरवेल

सोलन। सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सोलन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जमा एक ने जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों की ओर से अध्यापकों का तिलक लगाकर स्वागत करने से हुई, जिसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। समारोह में विराज को मिस्टर फेयरवेल और गुंजन को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं, आशीष को मिस्टर परफेक्ट, दिव्या को मिस परफेक्ट, सिमरन को स्कूल स्कॉलर और अक्षिता को शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आरसी शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। संवाद

बीबीएन क्रिकेट लीग अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

बद्दी (सोलन)। टोल बैरियरों पर चल रहे प्रदर्शन को देखते हुए 3 अप्रैल से शुरू होने वाली बीबीएन क्रिकेट लीग को रद्द कर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने कहा कि हालात सुधरने के बाद ही लीग की नई तिथि घोषित की जाएगी। यह प्रतियोगिता पहले 20 मार्च से शुरू होने वाली थी, लेकिन बारिश के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। मैदान गीला होने के कारण इसे 3 अप्रैल तक बढ़ाया गया था, लेकिन पहली अप्रैल को बद्दी में टोल बैरियरों पर प्रदर्शन होने के कारण आयोजकों को दोबारा इसे रद्द करना पड़ा। लीग के चेयरमैन मुकेश जैन ने बताया कि पहले बारिश और अब टोल बैरियर प्रदर्शन के कारण प्रतियोगिता स्थगित की गई है। हालात ठीक होने पर नई तिथि घोषित कर लीग शुरू कराई जाएगी। संवाद

रैली से होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के बताए लाभ

विश्व होम्योपैथी सप्ताह के उपलक्ष्य में रैली निकालते हुए। संवाद

धर्मपुर (सोलन)। सोलन होम्योपैथी कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से 271वें विश्व होम्योपैथी सप्ताह के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कुमारहट्टी तक एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान छात्रों ने छोटी गोली बड़ा असर और होम्योपैथी अपनाओ जैसे नारों के साथ स्थानीय लोगों को इस चिकित्सा पद्धति के महत्व के प्रति जागरूक किया। कॉलेज के एचआर विशाल कुमार ने बताया कि पूरे देश में 271वां विश्व होम्योपैथी सप्ताह उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में कॉलेज प्रशासन की ओर से सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। दो अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और कॉलेज से कुमारहट्टी तक जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। संवाद

इमरजेंसी वार्ड को भूतल पर स्थानांतरित करने की मांग

परवाणू (सोलन)। औद्योगिक नगरी परवाणू में पिछले कुछ समय से हार्ट अटैक के मामलों में हुई अचानक वृद्धि ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। इस गंभीर विषय को लेकर पूर्व सचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी वेद वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ईएसआई अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के दौरान बताया कि क्षेत्र में अचानक हार्ट अटैक से होने वाली मौतों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है, जो चिंता का विषय है। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठाए गए। खासतौर पर यह मुद्दा प्रमुखता से सामने आया कि ईएसआई अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड प्रथम मंजिल पर स्थित है, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिलने में कठिनाई होती है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि आपातकालीन वार्ड को भूतल पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि गंभीर अवस्था में आने वाले मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। संवाद

पिंजौर-नालागढ़ एनएच के निर्माण कार्य को लेकर खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

बीबीएन इंडस्ट्री एसोसिएशन ने दायर की याचिका, 9 अप्रैल को होगी मामले की सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बद्दी (सोलन)। पिंजौर-नालागढ़ को जोड़ने वाले लगभग 33 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे-105 की जर्जर हालत ने उद्योगपतियों, स्थानीय लोगों और रोजाना सफर करने वाले हजारों वाहन चालकों की परेशानियां बढ़ा रखी हैं। पिछले एक वर्ष से इस हाईवे पर निर्माण कार्य पूरी तरह ठप है। विभाग की ओर से 15 बार टेंडर आमंत्रित किए जाने के बावजूद किसी भी कंपनी को अभी तक कार्य आवंटित नहीं हो पाया है।

लगातार टेंडर प्रक्रिया के विफल होने से नाराज बीबीएन इंडस्ट्री एसोसिएशन ने अब हाई कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की गई है। जून 2025 में पटेल कंपनी ने हाईवे निर्माण कार्य बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद से आज तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हो पाया।

हाईवे पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सड़क और कई स्थानों पर पानी भरने से यह मार्ग हादसों और जाम का कारण बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग पिछले एक वर्ष में 17 बार टेंडर खोल चुका है, पर हर बार यह किसी न किसी कारण रद्द हो जाता है।

लगातार असफल हो रही प्रक्रिया से तंग आकर उद्योगपतियों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उधर, उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष यशवंत सिंह गुलेरिया ने कहा कि बीबीएन की खस्ताहाल सड़कों ने उद्योगपतियों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब हालत से मशीनरी डैमेज हो रही है, तैयार माल समय पर नहीं पहुंच पाता।

इस कारण उद्योगों का संचालन मुश्किल हो गया है। विभाग और सरकार से केवल आश्वासन ही मिले हैं, जमीन पर काम कहीं नहीं दिख रहा। इसलिए मजबूर होकर उन्हें हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी है, जिसकी सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

पिंजौर-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर पड़े गड्ढे में भरा पानी। संवाद

कहा-खस्ताहाल सड़क के चलते मशीनरी और सामान हो रहा खराब

महीने बाद भी शुरू नहीं हुआ मरम्मत कार्य

सोलन। शहर के मोहन पार्क की मरम्मत और रंग-रोगन करने के टेंडर को दिए हुए एक महीने से अधिक समय हो गया है। नगर निगम ने जिस ठेकेदार को इसका काम सौंपा था उसके पास इसके अलावा और भी कई वार्डों के टेंडर का काम पड़ा हुआ है। निगम की ओर से एक ही ठेकेदार को एक से ज्यादा विकास कार्यों को पूरा करने का जिम्मा सौंपा गया है। इस कारण मोहन पार्क की दीवारों और प्रतिमाओं को ठीक करने का काम शुरू नहीं हो पा रहा है।

मोहन पार्क की दीवारों में दरारों को भरने और उनकी मरम्मत का काम एक महीने पहले ठेकेदार को सौंप गया था। ठेकेदार के पास पहले से ही अन्य टेंडरों को पूरा करने का काम पड़ा हुआ है। ऐसे में मोहन पार्क की मरम्मत का काम रुका हुआ है। मोहन पार्क की दीवारों में महीनों से दरारें पड़ी हुई हैं। इसके अलावा अब पार्क में लगाई गई प्रतिमाओं के रंग भी फिके पड़ गए हैं।

नगर निगम की महापौर ऊषा शर्मा ने बताया कि ठेकेदार को टेंडर का काम जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है। जैसे ही पुराने टेंडर का काम पूरा हो जाएगा, वैसे ही मोहन पार्क की मरम्मत का काम भी शुरू हो जाएगा। संवाद

मेरी आवाज सुनो...

रास्ते के बीच बने स्पीड ब्रेकर टूटे

सोलन शहर के पुराना बस अड्डा के पास से लोअर बाजार की ओर जाने वाले रास्ते के बीच बनाए गए स्पीड ब्रेकर टूट गए हैं। यहां पर दोपहिया वाहनों की गति को कम रखने के लिए इन स्पीड ब्रेकरों को लगाया गया था, लेकिन अब इनकी हालत खस्ता हो गई है।
- राम कुमार, सोलन

सफाई कर्मी नहीं उठा रहे कूड़ा

सोलन शहर के साथ लगते शामती से बाईपास रोड की ओर जाने वाले रास्ते के किनारे पड़े कूड़े को सफाई कर्मचारी देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। यहां रोजाना सफाई कर्मचारी लोगों के घरों से कूड़ा उठाने के लिए आते हैं। यहां पड़े कूड़े को देखने के बाद भी यहां पर सफाई नहीं करते। इससे यहां की गंदगी साफ नहीं हो पा रही है। नगर निगम को यहां जल्द सफाई करवानी चाहिए। **-रनवीर, शामती**

सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर

बरोटीवाला के कोटला गांव के समीप सड़क किनारे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। गांव में जेबीआर कंपनी के कर्मचारी नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठाते हैं। इस कारण कई दिन तक कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। इससे यहां रहने वाले लोगों को रोजाना वहां से आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पानी को यहां नियमित रूप से सफाई करवानी चाहिए।
-सुधीर सिंह, बरोटीवाला

आप भी भेज सकते हैं अपने क्षेत्र की किसी ऐसी समस्या की जानकारी जो लोकहित से जुड़ी हो और जिसकी सुनवाई न हो रही हो।
ईमेल आईडी-
sml-dakincharge@sml.amarujala.com
व्हाट्सएप करें 9736013818

कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर ढहे डंगों का 80 फीसदी कार्य पूरा, अब ट्रेन ने भी पकड़ी रफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

कालका-शिमला रेलवे ट्रैक के बीच बरसात में ढहे डंगों और धंसी जगहों का 80 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। नौ साइटों पर कार्य चला है।
-नवीन कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधन, रेल मंडल अंबाला

शिमला। विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर बरसात में ढहे डंगों का निर्माण और धंसी जगहों का कार्य 80 फीसदी तक पूरा कर दिया है।

इससे अब ट्रेन की रफ्तार में भी इजाफा हुआ है। इससे पहले क्षतिग्रस्त क्षेत्रों से ट्रेन 10 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से निकलती थी। इससे कालका से शिमला और शिमला से कालका पहुंचने में करीब 15 से 20 मिनट का फर्क पड़ जाता था लेकिन अब निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को गंतव्य पहुंचने का समय कम हो जाएगा। गौर रहे कि वर्ष 2025 की बरसात में कालका से शिमला के बीच 34 स्पॉट काफी खतरनाक हो गए थे।

इस स्पॉट में कई जगहों पर बारिश के बाद लगे डंगे ढह गए थे जबकि कई जगहों पर ट्रैक के साथ लगती जमीन धंस गई थी।

मुख्य सचिव के खिलाफ मिली शिकायत सरकार को भेजेगी पुलिस

शिमला। सोलन में निर्माणाधीन टाउनशिप प्रोजेक्ट के मामले में मुख्य सचिव संजय गुप्ता के खिलाफ पुलिस को दी गई शिकायत को शिमला पुलिस प्रदेश सरकार को भेजेगी।

पुलिस विभाग के मुताबिक भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम की धारा 17ए के तहत पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां किसी भी लोक सेवक के खिलाफ उनके आधिकारिक कार्यों के दौरान लिए गए निर्णयों की जांच बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के नहीं कर सकती है। ऐसे में अब इस मामले में जांच को लेकर फैसला प्रदेश सरकार ही लेगी। प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विनय शर्मा ने विगत दिनों थाना छोटा शिमला में लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि सोलन जिले में निर्माणाधीन टाउनशिप मामले में हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म्स एक्ट 1972 की धारा 118 का उल्लंघन हुआ है। संवाद

Proclamation under Rule 20, CPC
In the Court of Sh. Vivek Khanal, Additional Principal Judge-II, Family Court Solan, District Solan, Himachal Pradesh.
In ref:-
G & W Act No.01ADJ-II/2of2026
Fixed for 07.05.2026
1. Shelly Thakur Daughter of Late Sh. Rajesh Kashyap Since permanent disable through her mother come natural guardian Smt. Neelam Kashyap wife of Late Rajesh Kashyap.
2. Neelam Kashyap wife of late Sh. Rajesh Kashyap.
3. Prince son of late Sh. Rajesh Kashyap.
All residents of Village Bajrol, P.O. Solan, Tehsil and District Solan, H.P.
.....Petitioners
Versus
1. General Public.
....Respondent.
Petition under Section 14 of the Right of person with Disabilities Act 2016 grant of limited guardianship
Notice to
1. General Public.
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of the court that the above-named respondent i.e. General Public cannot be served in the ordinary way. Hence, this proclamation is hereby issued against respondent to appear in this court on **07.05.2026 at 10 AM** to defend the case personally or through an authorized agent or pleader failing which ex-parte proceedings will be taken against respondent.
Given under my hand and seal of this court today on 1st day of April, 2026.
Additional Principal Judge-II
Family Court Solan, Distt. Solan, H.P.

Proclamation under Order 5, Rule 20, CPC
In the Court of Sh. Vivek Khanal, Additional Principal Judge-II, Family Court Solan, District Solan, Himachal Pradesh.
In ref:-
Succession Act No. 01ADJ-II/5of2026
Fixed for 13.05.2026
1 Manoj Bakhru Son of late Sh. Nanak Chand son of Late Shri Bhagwan Dass, R/o 6/2 Rajgarh Road Opposite M.C. Office, Ward No. 7, Solan, Tehsil and District Solan H.P. 56 Years.
.....Petitioner.
Versus
1. General Public.
....Respondent.
Petition under Section 276 of the Indian Succession Act, 1925.
Notice to
1. General Public.
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of the court that the above-named respondent i.e. General Public cannot be served in the ordinary way. Hence, this proclamation is hereby issued against respondent to appear in this court on **13.05.2026 at 10 AM** to defend the case personally or through an authorized agent or pleader failing which ex-parte proceedings will be taken against respondent.
Given under my hand and seal of this court today on 1st day of April, 2026.
Additional Principal Judge-II
Family Court Solan, Distt. Solan, H.P.

पेंशनरों की बैठक कल

सोलन। जिला सोलन पेंशनर एसोसिएशन की बैठक अपना घर पुराना उपायुक्त कार्यालय में चार अप्रैल को आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के केएन ओझा ने बताया कि बैठक में पेंशनरों से जुड़े मुद्दे और अन्य मांगों पर चर्चा की जाएगी।

इसके लिए उन्होंने सभी पेंशनरों से इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने की अपील की है, ताकि मांगों को पूरी करने के लिए सभी की सहमति से निर्णय लिए जा सकें, जिसका प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। संवाद

पी0एम0श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय
डूंगरी, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश-176045
निविदा सूचना
निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्तिकर्त्ताओं/ सेंवाओं के लिये पंजीकृत फर्म / उद्योगपतियों / आपूतिकर्त्ताओं से वार्षिक सत्र 2026-27 (मान्यता 31.07.2027 तक) के लिये मुहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं -
सूखा राशन, ताजी सब्जी एंव फल, स्टीट्स एवं बेकरी, बस किराये पर, बर्दी की धुलाई एवं प्रैस, कैमरों की ए0एम0सी0, कम्प्युटर एवं फोटोकॉपी मशीन की ए0एम0सी0, चपाती बनाने की मशीन की ए0एम0सी0 ।
निविदा फार्म तथा आपूर्ति की शर्ते विद्यालय वेबसाइट - http://navodaya.gov.in/nvs/ nvs-school/HAMIRPUR-HP/en/home/index.html से एवं विद्यालय कार्यालय से दिनांक 22.04.2026 सुबह 11:00 बजे तक 300/- रुपये देकर प्राप्त की जा सकती हैं। पूर्ण रुप से भरी हुई निविदाएं जिनके साथ उचित धरोहर राशि जो कि निविदा की शर्तो में दर्शाई गई है सलंग्न कर दिनांक 22.04.2026 सांय 4:00 बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट या वाहहस्त टैंडर बॉक्स से पहुँच जानी चाहिए। वस्तुओं के नमूने अनिवार्य रुप से सील कर फर्म का पूरा नाम व पता लिख कर भेजें। निविदाएं 23.04.2026 को सुबह 11:00 बजे विद्यालय क्रय-सलाहकार समीति द्वारा उप-दण्डाधिकारी भोरंज, जिला हमीरपुर (हि0प्र0) के कार्यालय में खोली जाएँगी। इच्छुक निविदाकर्त्ता निर्धारित तिथि और स्थान पर व्यक्तिगत रुप से अपने सामान के नमूने लेकर उपस्थित हो सकते हैं। जो निविदाकर्त्ता विद्यालय वेबसाइट से फार्म प्राप्त करेगा उसे धरोहर राशि के अतिरिक्त 300/- रुपये निविदा पत्र के अलग से डी0डी0 प्राचार्य, ज0न0वि0 डुंगरी, जिला हमीरपुर (हि0प्र0) के नाम से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा तरवाडी में आहरित होगें।
विद्यालय क्रय-सलाहकार कमेटी किसी भी निविदा को पूर्ण अथवा आशिक रुप से बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार रखती है। जानकारी के लिये दूरभाष नम्बर 8059137785, 8219371570, 01972-266035 पर संम्पर्क करें।
प्राचार्य
पी0एम0 श्री0 स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
कार्यालय छावनी परिषद जतोग
तहसील एवं जिला शिमला, हि.प्र.- 171008
पत्रांक: छा0प0जो0/110/2026-27/विविध/368 दिनांक:-01 अप्रैल, 2026
संदर्भ ई-निविदा संख्या छा0प0जो0/110/2025-26/विविध/263 दिनांक 05.03.2026
जतोग छावनी में विविध मरम्मत और रखरखाव सार्वजनिक कार्य के लिए सावधि अनुबंध हेतु ई-निविदाएं पुनः आमंत्रित की जाती हैं। ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 24.04.2026 शाम 05:00 बजे।
विवरण: https://defproc.gov.in/nicgep/app/https://jutogh.cantt.gov.in/
मुख्य अधिशासी अधिकारी, जतोग
(निशांत गुप्ता)

WALK-IN INTERVIEW
WALTER BUSHNELL
GREENFIELD PROJECT, ROORKEE
Openings in:
Production | QA | QC | Engineering | Warehouse
Looking for professionals with 5–15 years of experience in pharma project implementation, equipment qualification, process validation, GMP documentation, and compliance.
Note: Regulatory Audit & OSD Exp. is mandatory
Venue: HOTEL AROMA, Sector 22-C, Chandigarh
Date: 5th April, 2026 Time: 9:00 AM – 5:00 PM
anupriya.1@walterbushnell.com 9650111639

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
सोलन शाखा:- जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश - 173212
E-MAIL: sbi.06401@sbi.co.in
ई-नीलामी बिक्री सूचना
भारतीय स्टेट बैंक, जिसकी शाखा सोलन शाखा, **जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश - 173212** में स्थित है, निम्नलिखित वाहन (बैंक के पास गिरवी रखा गया और वाहन का विवरण नीचे दिया गया है) की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित करता है, जो 04.05.2026 को सोलन शाखा में आयोजित की जाएगी। ऋणकर्ता का नाम और पता: - **श्री पुण्येंद्र ठाकुर; वाहन खाता संख्या: 40643961474**

क्र. सं.	मेक / टाइप	वाहन नं.	इंजन नं.	चेसिस नं.	आरक्षित मूल्य
1.	टाटा एक्स CRE12PB56MT	HP16A2672	REVTRN10NYXM55186	MAT634004MPNN4837	Rs. 3,25,000/- + GST

अन्य नियम एवं शर्तें:- ई-नीलामी/बोली केवल वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से **"ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली"** द्वारा ही आयोजित की जाएगी। वाहन "जैसा है, जहां है और जैसा है" के आधार पर बेचा जाएगा, जिसमें यदि कोई भार हो तो वह भी शामिल है। बैंक की जानकारी के अनुसार, वाहन पर कोई भार नहीं है।
(क) नीलामी/बोली **04.05.2026** को [समय डालें, जैसे, सुबह **10:30 बजे से दोपहर 02:30 बजे** तक या प्लेटफॉर्म के अनुसार विस्तारित] बजे आयोजित की जाएगी। **(ख)** वाहन **भारतीय स्टेट बैंक की सोलन शाखा** के कब्जे में है और अधिकृत अधिकारी से पूर्व अनुमति लेकर **24.04.2026 को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे** के बीच इसका निरीक्षण किया जा सकता है। **(ग)** वाहन आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा और भाग लेने वाले बोलीदाता ई-नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपनी पेशकश को और बेहतर कर सकते हैं। **(घ)** आरक्षित मूल्य का 10% ईएमडी राशि **30.04.2026 को शाम 4:00 बजे** तक जमा करनी होगी। **(ङ)** ईएमडी राशि के भुगतान के बाद, इच्छुक बोलीदाताओं को निम्नलिखित दस्तावेजों/विवरणों की एक प्रति **02.05.2026 को शाम 4:00 बजे** तक हाथ से या ई-मेल द्वारा जमा करनी होगी। इच्छुक बोलीदाता वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं, जिसके लिए वे अधिकृत अधिकारी से **मोबाइल नंबर 8988205425** और **श्री पवन हनोत (आर/ए) से 8219210894** पर संपर्क कर सकते हैं। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-नीलामी की कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
(1) ईएमडी राशि के लिए डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर (2) पैन कार्ड, पहचान पत्र और पते के प्रमाण की फोटोकॉपी। हालांकि, सफल बोलीदाता को बोली राशि के 25% शेष राशि का भुगतान करते समय बैंक को ये दस्तावेज मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे। (3) बोलीदाता का नाम, संपर्क नंबर, पता, ईमेल आईडी। (4) ईएमडी की अनिलाइन प्रतिदेय के लिए बोलीदाता के खाते का विवरण। (5) असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी बिक्री पूरी होने के 2 दिनों के भीतर उन्हें वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। (6) ई-नीलामी ऊपर उल्लिखित आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। बोलीदाता अपनी बोलियों को **5,000 रुपये** के गुणकों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी बंद होने पर उच्चतम बोली (आरक्षित मूल्य से कम नहीं) जमा करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। (7) सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जाएगी। सफल बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित होते ही बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तारीख से 4 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता ऊपर बताई गई अवधि के भीतर बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जाएगी और वाहन को तुरंत दोबारा बिक्री के लिए रखा जाएगा। (8) लागू होने वाले सभी परिवहन शुल्क, स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क आदि का वहन केवल सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। (9) बैंक बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
दिनांक: 02.04.2026 स्थान: सोलन (हिमाचल प्रदेश) **अधिकृत अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**

टाटा स्मारक केंद्र / TATA MEMORIAL CENTRE
भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत एक सहायता प्राप्त संस्थान/
A Grant-in-Aid Institution under Department of Atomic Energy, Government of India.
विज्ञापन सं. / Advt. No.: TMC/AD-40/2026 उपलब्ध पद / POSITIONS AVAILABLE 25.03.2026
टाटा स्मारक केंद्र (टीएमसी) निम्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है/
Tata Memorial Centre (TMC) invites applications for the following posts:
स्थान / LOCATION: टीएमएच, मुंबई/TMH, MUMBAI

1	सहायक प्रोफेसर 'ई', हिस्टिंट ऑन्कोलॉजी /ASSISTANT PROFESSOR 'E', PREVENTIVE ONCOLOGY	7	अधिशेषा 'सी' (सिविल) / ENGINEER 'C' (CIVIL)
2	सहायक प्रोफेसर 'ई', सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल / ASSISTANT PROFESSOR 'E', SURGICAL ONCOLOGY, GASTROINTESTINAL	8	वैज्ञानिक अधिकारी 'डी', हेल्थ इकोनॉमिस्ट / SCIENTIFIC OFFICER 'D', HEALTH ECONOMIST
3	सहायक प्रोफेसर 'ई', न्यूक्लियर मेडिसिन / ASSISTANT PROFESSOR 'E', NUCLEAR MEDICINE	9	वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी', बायोकेमिस्ट्री / SCIENTIFIC OFFICER 'SB', BIOCHEMISTRY
4	सहायक प्रोफेसर 'ई', रेडियोडायग्नोसिस /ASSISTANT PROFESSOR 'E', RADIODIAGNOSIS	10	तकनीशियन 'सी' ओटी/आपसीशू / TECHNICIAN 'C', OT/ICU
5	सहायक प्रोफेसर 'ई' पैथोलॉजी / ASSISTANT PROFESSOR 'E', PATHOLOGY	11	तकनीशियन 'सी', जनरल मेडिसिन /TECHNICIAN 'C', GENERAL MEDICINE
6	सहायक प्रोफेसर 'ई', ब्रेस्ट सर्जरी / ASSISTANT PROFESSOR 'E', BREAST SURGERY	12	तकनीशियन 'ए', मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी / TECHNICIAN 'A', MOLECULAR PATHOLOGY

स्थान / LOCATION:एचबीसीएचआरसी, मुजफ्फरपुर /HBCHRC, MUZAFFARPUR

1	कन्सल्टंट 'डी', अनेस्थेसिओलोजी /CONSULTANT 'D', ANESTHESIOLOGY	4	वैज्ञानिक अधिकारी 'सी', सेंट्रल स्टोराज सप्लाई डिपार्टमेंट (सी.एस.एस.डी) / SCIENTIFIC OFFICER 'C', CENTRAL STERILE SUPPLY DEPARTMENT (C.S.S.D)
2	कन्सल्टंट 'डी', जनरल मेडिसिन /CONSULTANT 'D', GENERAL MEDICINE	5	वैज्ञानिक अधिकारी 'डी' मोलेक्यूलर पथोलोजी /SCIENTIFIC OFFICER 'D', MOLECULAR PATHOLOGY
3	कन्सल्टंट 'डी', पैलीएटिव मेडिसिन / CONSULTANT 'D', PALLIATIVE MEDICINE	6	मेडिकल फिजिसिस्ट 'डी' / MEDICAL PHYSICIST 'D'

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 24.04.2026 (शाम 05.30 बजे तक; आईएसटी) है /
Last date for online application is 24.04.2026 (upto 05.30 PM; IST)
अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट: http://tmc.gov.in पर जाएं और 'Careers' पर क्लिक करें (विज्ञापन सं. -40/2026) / For details, please visit our website: http://tmc.gov.in and click 'Careers' (Advt. No.-40/2026)
CBC 48149/12/0001/2627